छत्तीसगढ़ समाचार.............

रायपुर : भविष्य की जरूरतों और आर्थिक विकास की प्राथमिकताओं के अनुरूप हो ढ अधोसंरचना का निर्माण : मुख्यमंत्री

रायपुर (आ.स.से.)। मजबूत अधोसंरचना किसी भी राज्य के दीर्घकालिक आर्थिक और सामा. जिक विकास का आधार होती है। छत्तीसगढ़ में सड़क, भवन और अन्य सार्वजनिक अधोस. रचनाओं का निर्माण केवल वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि आने वाले दशकों की जरूरतों, बढ़ती आबादी, औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों और बदलती तकनीक को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। राज्य में होने वाले प्रत्येक पूंजीगत निवेश का अधिकतम लाभ प्रदेश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। बैठक में अधोसंरचना विकास के लिए पूंजीगत व्यय की प्राथमिकताएं, परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन, सड़क नेटवर्क का दीर्घकालिक विकास, सार्वजनिक परिसंपत्तियों का रखरखाव, आधुनिक निर्माण तकनीक, विभागीय समन्वय और आगामी कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार 'अंजोर विजन 2047' के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के दीर्घकालिक लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आधुनिक, सुदृढ़ और टिकाऊ अधोसंरचना की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसके लिए पूंजीगत व्यय करने वाले सभी विभागों को अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए समन्वित और दीर्घकालिक कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अधोसंरचना पर किया जाने वाला व्यय केवल निर्माण पर होने वाला खर्च नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य में किया गया निवेश है। इसलिए परियोजनाओं का चयन करते समय यह आकलन किया जाना चाहिए कि संबंधित परियोजना से आवागमन, उद्योग, व्यापार, कृषि, पर्यटन, रोजगार और नागरिक सुविधाओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा।उन्होंने कहा कि राज्य के वित्तीय संसाधनों का उपयोग ऐसी परियोजनाओं में प्राथमिकता से किया जाए, जिनसे अधिक से अधिक नागरिकों को लाभ मिले, आर्थिक गतिविधियों का विस्तार हो और संबंधित क्षेत्र के विकास की नई संभावनाएं खुलें। परियोजनाओं की प्राथमिकता केवल तात्कालिक आवश्यकता के आधार पर तय न होकर उनके दीर्घकालिक आर्थिक और सामाजिक प्रभाव के आधार पर भी निर्धारित की जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसी परियोजना के लिए बजट प्रावधान हो जाने मात्र से उद्देश्य पूरा नहीं होता। बजट में स्वीकृति मिलने के बाद परियोजना को धरातल पर समय से पूरा करना सबसे महत्वपूर्ण है। परियोजनाओं में देरी से उनकी लागत बढ़ती है और नागरिकों को मिलने वाला लाभ भी विलंबित होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना की अवधारणा और योजना तैयार करने से लेकर बजट प्रावधान, प्रशासकीय स्वीकृति, तकनीकी स्वीकृति, निविदा प्रक्रिया, कार्यादेश और निर्माण पूर्ण होने तक प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए। प्रत्येक स्तर पर प्रगति की नियमित समीक्षा हो और अनावश्यक विलंब के कारणों को समय रहते दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि समयबद्धता के साथ गुणवत्ता भी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निर्माण कार्यों में निर्धारित तकनीकी और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए तथा गुणवत्ता के साथ किसी भी स्तर पर समझौता न हो। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश में सड़क नेटवर्क के सुनियोजित विस्तार की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को राज्यभर में यातायात की मौजूदा स्थिति, बढ़ती आबादी, औद्योगिक विकास, नए आर्थिक केंद्रों और भविष्य में संभावित यातायात दबाव का आकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किन मार्गों को दो लेन और किन मार्गों को चार लेन करने की आवश्यकता है, इसका विस्तृत सर्वे कराया जाए। इसके आधार पर भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सड़क नेटवर्क का दीर्घकालिक मास्टर प्लान तैयार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क केवल यात्रा को सुगम नहीं बनाता, बल्कि बाजारों तक पहुंच आसान करता है, व्यापार और उद्योग को गति देता है, कृषि उत्पादों के परिवहन को बेहतर बनाता है और नए क्षेत्रों में निवेश एवं रोजगार की संभावनाएं भी पैदा करता है। इसलिए सड़क निर्माण को संबंधित क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास से जोड़कर देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों, शहरों, औद्योगिक क्षेत्रों और प्रमुख आर्थिक केंद्रों के बीच निर्बाध और बेहतर कनेक्टिविटी विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सड़कों, भवनों और अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों के नियमित रखरखाव के लिए प्रभावी व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक अधोसंरचना के निर्माण पर बड़ी राशि खर्च की जाती है। यदि उसका समय पर रखरखाव नहीं किया जाए तो छोटी खराबियां आगे चलकर गंभीर रूप ले लेती हैं और उनकी मरम्मत पर अधिक खर्च करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि निर्माण परियोजनाओं की योजना बनाते समय ही उनके दीर्घकालिक रखरखाव की व्यवस्था भी तय की जाए। नियमित निरीक्षण और समयबद्ध मरम्मत के लिए स्पष्ट कार्यप्रणाली विकसित हो। इससे परिसंपत्तियों की कार्यशील आयु बढ़ेगी, सरकारी संसाधनों की बचत होगी और नागरिकों को लगातार बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क और सार्वजनिक सुविधाओं की स्थिति का नागरिकों के दैनिक जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। अच्छी अधोसंरचना नागरिकों के जीवन को सुगम बनाती है, जबकि रखरखाव के अभाव में वही परिसंपत्ति असुविधा का कारण बन जाती है। इसलिए निर्माण के साथ रखरखाव को भी समान प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य सार्वजनिक भवनों की योजना तैयार करते समय केवल वर्तमान जरूरतों का आकलन पर्याप्त नहीं है। आने वाले वर्षों में विद्यार्थियों अथवा उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ने और नई सुविधाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भवनों की डिजाइन तैयार की जाए।

बिहार : नाव डूबनेसे ११ की मौत

वैशाली (आससे.)। वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के रामपुर श्यामचंद में नाव डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई। नाव पर करीब 20 युवक और बच्चे सवार थे। सभी नाव से भोज खाने के लिए जा रहे थे, तभी हादसा हुआ।बिहार के वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के रामपुर श्यामचंद गांव में नाव डूबने से 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार को करीब 20 युवक और बच्चे एक ही नाव पर सवार होकर भोज खाने जा रहे थे। इसी दौरान बीच धारा में नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। नाव पलटते ही उस पर सवार लोग गहरे पानी में डूबने लगे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

सूचना मिलने पर राघोपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जिले के वरीय अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने एसडीआरएफ की टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की मदद से आठ लोगों के शव पानी से बाहर निकाले जाने की जानकारी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। मृतकों की पहचान की जा रही है। मृतकों में अधिकांश युवक और बच्चे बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में मातम पसरा है। जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

हाईकोर्टने यूपी डीजीपी को सर्कुलर जारी करने का दिया निर्देश

प्रयागराज (आससे.)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वह सभी पुलिस अधिकारियों के लिए सर्कुलर जारी करें। इसमें चेतावनी दी जाए कि अदालत के आदेशों के अनुपालन के लिए संवाद करने वाले सरकारी वकीलों के साथ दुर्व्यवहार करना अदालत की अवमानना हो सकता है और ऐसे मामलों में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने यह निर्देश आजमगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार सिंह के कथित दुर्व्यवहार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए दिया। आरोप है कि उन्होंने अदालत के आदेश के अनुपालन के संबंध में जानकारी देने पहुंचे एक अपर शासकीय अधिवक्ता के साथ बदसलूकी की।

राष्ट्र नतमस्तक है आपके सम्मान में...



14.10.1884-04.03.1939

14.10.1884 को दिल्ली के प्रसिद्ध चाँदनी चौक के मोहल्ला चीराखाना में जन्मे गदर पार्टी के क्रांतिकारी 'लाला हरदयाल जी' की आज 142वीं जयंती पर 'मातृभूमि सेवा संस्था' तथा हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'आज' इन्हें कोटिशः नमन करती है।

कम उम्र में ही आर्य समाज के आदर्शों से प्रभावित होने के कारण लाला हरदयाल जी पर इटली के क्रांतिकारी नेता माजिनी, कार्ल मार्क्स और रूसी अरा. जकतावादी मिखाइल बाकुनिन का भी प्रभाव पड़ा। शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली छात्र होने के कारण उन्हें संस्कृत में उच्च अध्ययन के लिए सन् 1905 में ऑक्सफोर्ड से 2 छात्रवृत्तियाँ मिलीं। यहाँ इन्होंने भारतीय स्वाधीनता पर अपने स्वच्छंद विचार रखें, जो अंग्रेजी सरकार को चुभे। उन्होंने प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड छात्रवृत्ति को त्याग दिया और सन् 1908 में भारत लौट कर वह बाल गंगाधर तिलक और फिर लाला लाजपत राय से मिले और अंग्रेजी दैनिक पंजाबी का संपादन करने लगे। वह पेरिस चले गए। पेरिस में भी लाला हरदयाल ने लेखन कार्य जारी रखा और मासिक वंदे मातरम पत्रिका का संपादन किया। भारतीय इतिहास का क्रांतिकारी मोड़ उस समय आया जब लाला हरदयाल, सोहन सिंह भावना इत्यादि ने ब्रिटिश गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने के लिए अमेरिका में 1913 में गदर पार्टी बनाई। लाला हरदयाल इस पार्टी के महासचिव बने और पार्टी का मुख्य उद्देश्य भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह करके आजादी पाना था करतार सिंह सराभा ने पंजाब आकर एक बड़े क्रांतिकारी आंदोलन की नींव रखी। - 'राकेश कुमार'

मातृभूमि सेवा संस्था

जीवन को सार्थक बनाने के प्रयास में...

(भारतीय न्यास अधिनियम 1882 के अन्तर्गत निगमित, एक गैर-लाभकारी संगठन)

www.mss-ind.org

9891960477-क्रांतिकारियों के जीवन पर निर्मित कैलेंडर प्राप्त करने हेतु संपर्क सूत्र।

भारतने कभी किसी देश पर दबदबा बनाने की कोशिश नहीं की-अमित शाह

नयी दिल्ली (आससे)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत हमेशा से सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करता रहा है। भारत मतभेदों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने और शांति, सह-अस्तित्व एवं मानव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली में बिम्सटेक देशों के गृह मंत्रियों की पहली बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि इस बैठक की मेजबानी करना भारत के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। बिम्सटेक क्षेत्रीय एकीकरण, आर्थिक सहयोग और सामूहिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत ने कभी किसी देश पर हमला करने या उस पर अपना दबदबा कायम करने में विश्वास नहीं किया। वह हमेशा आपसी मतभेदों को शांति से सुलझाने का पक्षधर रहा है। बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के सात देशों—बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड—का क्षेत्रीय संगठन है। इसका उद्देश्य कृषि एवं खाद्य सुरक्षा, संपर्क, आपदा प्रबंधन, ऊर्जा, पर्यावरण और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है।

नारीके सम्मान, स्वाभिमान और गरिमापूर्ण जीवनके लिए समर्पित है सरकार-योगी

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि की तृतीया पर मां चंद्रघंटा के स्वरूप की आराधना की। इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि डबल इंजन सरकार की हर पहल नारी के सम्मान, स्वाभिमान और गरिमापूर्ण जीवन के लिए समर्पित है। नारी शक्ति के तेज, गरिमा और अदम्य साहस के प्रतीक के रूप में मां चंद्रघंटा का दिव्य स्वरूप हमें यह संदेश देता है कि नारी की सुरक्षा, सम्मान व स्वाभिमान ही सशक्त और समृद्ध समाज का आधार है। इसी भावना को आत्मसात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश की डबल इंजन सरकार सुशासन के माध्यम से नारी सशक्तीकरण के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। 2017 से पहले प्रदेश में फैले अराजकता के तांडव ने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान पर ग्रहण लगा रखा था। उस समय माताओं-बहनों के सशक्तीकरण के बजाय सत्ताधीशों के परिवारों का सशक्तीकरण ही मुख्य उद्देश्य हुआ करता था।अब श्बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओश् से बेटियों के अस्तित्व की रक्षा, शिक्षा के प्रति जागरूकता, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से उनके उज्ज्वल भविष्य को संबल, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से विवाह को गरिमापूर्ण आधार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से मातृत्व को सहारा, उज्ज्वला से धुएं से मुक्ति, इज्जत घर से गरिमा की रक्षा, घरौनी से संपत्ति का अधिकार, 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए आजीवन निःशुल्क बस यात्रा और वृद्धावस्था पेंशन के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा तक, डबल इंजन सरकार की हर पहल नारी के सम्मान, स्वाभिमान और गरिमापूर्ण जीवन के लिए समर्पित है।

आर्थिक सुदृढ़ता राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचेका अभिन्न अंग-राष्ट्रपति

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक सुदृढ़ता राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे का अभिन्न अंग है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने बाहरी कारकों से उत्पन्न व्यवधानों को झेलने की अपनी क्षमता बार-बार साबित की है। उन्होंने यहां राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय (एनडीसी) के 66वें पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैन्य क्षमताओं तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नवाचार को व्यावहारिक समाधान में बदलने के वास्ते वैज्ञानिक संस्थानों और सशस्त्र बलों के बीच करीबी सहयोग जरूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के संघर्षों ने ऐसी किफायती प्रौद्योगिकियों के महत्व को रेखांकित किया है, जो उन्नत रक्षा

प्रणालियों की पूरक हों और उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में नवाचार और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संबंध मजबूत करने में सरकारी पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने स्वदेशी अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की अनुसंधान, विकास एवं नवाचार योजना का उल्लेख किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह योजना न केवल अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी (डीप-टेक) से जुड़े स्टार्टअप को समर्थन देती है, बल्कि रणनीतिक जरूरतों, आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास में भी मदद करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक सुदृढ़ता राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे का अभिन्न अंग है। भारतीय अर्थव्यवस्था ने बाहरी कारकों से उत्पन्न व्यवधानों को झेलने की अपनी क्षमता बार-बार साबित की है।

ममता बनर्जी पर चाकू से हमले की कोशिश

कोलकाता (एजेंसी)। ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास के बाहर एक महिला पर चाकू लेकर हमला करने की कोशिश का आरोप लगा है। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सांसद डोला सेन ने महिला के नशे में होने का दावा किया है। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। महिला वहां क्यों पहुंची थी? क्या पुलिस जांच में हमले की कोशिश और उसके इरादे की पुष्टि होगी? पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। तृणमूल कांग्रेस के ममता बनर्जी गुट ने आरोप लगाया है कि कोलकाता के कालीघाट स्थित उनके आवास के बाहर एक महिला ने उन पर चाकू से हमला करने की कोशिश की।

'जेलर 2' में विद्या बालन निभा रही कंथा का किरदार

बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन जल्द ही फिल्म जेलर 2 से तमिल सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में वह रजनीकांत के साथ नजर आएंगी। हाल ही में विद्या बालन फिल्म के डायरेक्टर नेल्सन दिलीपकुमार और बाकी कलाकारों के साथ प्रमोशनल इवेंट में पहुंचीं। यहां उन्होंने बताया कि रजनीकांत के साथ शूटिंग करते समय वह काफी नर्वस हो गई थीं। जेलर 2 सुपर शो में विद्या के साथ उनकी को-स्टार राम्या कृष्णन, एसजे सूर्या और सूरज वेंजरामूदु भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान एसजे सूर्या ने मजाक में कहा कि विद्या को लंबे तमिल डायलॉग बोलने में परेशानी होती थी। इस पर विद्या ने बताया कि जब तक उनका शॉट पूरा नहीं हो जाता था, तब तक वह किसी से बात नहीं करती थीं। लेकिन शॉट खत्म होते ही वह सभी के साथ आराम से बातचीत करने लगती थीं। विद्या ने बताया कि एक बार नेल्सन ने उनके लिए एक सीन में बदलाव किया था, जिसमें उन्हें सिगरेट पीनी थी। अभिनेत्री ने कहा कि एक दिन शूटिंग से ठीक पहले उन्होंने मुझे डेढ़ पेज के नए डायलॉग दे दिए। मैं वहीं खड़ी सोच रही थी कि ये सब कैसे करूंगी, क्योंकि मुझे डायलॉग बोलने के साथ सिगरेट भी पीनी थी। इस पर नेल्सन ने बताया कि जब मैं मॉनिटर पर देख रहा था, तो मैंने देखा कि उनके हाथ कांप रहे थे और आवाज भी कांप रही थी। कुछ देर बाद सिगरेट का धुआं उनकी आंखों में जाने लगा। विद्या ने मुझसे कहा कि मैं कुछ नहीं कर रही हूं, सिगरेट अपने आप कांप रही है। विद्या ने आगे बताया कि वह पहले भी कई बड़े सुपरस्टार्स के साथ काम कर चुकी हैं, लेकिन रजनीकांत के साथ यह उनकी पहली फिल्म है। उन्होंने कहा कि सिगरेट पीने वाले सीन को लेकर वह इतनी घबरा गई थीं कि उनका पूरा शरीर कांपने लगा था। शूटिंग से पहले सिगरेट पीने की आदत डालने के लिए उन्होंने सेट पर जाने से पहले ही इसकी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। जेलर 2 में विद्या बालन कंथा का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में उनके किरदार की पहली झलक में वह नीली साड़ी पहने, हाथ में सिगरेट लिए सीढ़ियों से नीचे उतरती नजर आती हैं। एक तनावपूर्ण सीन में वह किसी के सामने खड़े होकर धुआं छोड़ती दिखाई देती हैं।

डॉ. यादव नवरात्रि में लाडली बहनों को देंगे ४१ वीं किश्त की सौगात

भोपाल (आससे.)। नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेश की लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 41 वीं किश्त की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री 14 अक्टूबर को उमरिया जिले के मानपुर जनपद पंचायत अंतर्गत गुरुवाही ग्राम में आयोजित लाड़ली बहना योजना सम्मेलन में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की किश्त की राशि अंतरित करेंगे। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख पात्र महिलाओं के बैंक खातों में 1,500 रुपये के मान से आर्थिक सहायता राशि अंतरित की जायेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। नवरात्रि के दौरान महिलाओं को मिलने वाली यह राशि महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सम्मान के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगी।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

02252/02251 नई दिल्ली-पटना जं.-नई दिल्ली आरक्षित वंदे भारत त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 36 फेरे

रेलगाड़ी सं. 02252 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 02251 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	08:35	नई दिल्ली	23:30	----
21:30	---	पटना जं.	----	10:00

चलने के दिन : 02252 नई दिल्ली से दिनांक 16.10.26, 18.10.26 को एवं 21.10.26 से 25.11.26 तक (सोम, बुध, शनि) एवं 02251 पटना जं. से दिनांक 17.10.26, 19.10.26 को एवं 22.10.26 से 26.11.26 तक (मंगल, गुरु, रवि) को।
ठहराव : अलीगढ़ जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं० दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशन।
स्थान : एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान एवं वाता. कुर्सीयान।

04652/04651 अमृतसर-जयनगर-अमृतसर आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 40 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04652 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04651 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	10:55	अमृतसर	15:00	----
02:30	02:40	लखनऊ जं.	22:30	22:40
20:00	---	जयनगर	----	04:15

चलने के दिन : 04652 अमृतसर से दिनांक 16.10.26 से 29.11.26 तक (प्रत्येक बुध, शुक्र, रवि) एवं 04651 जयनगर से दिनांक 18.10.26 से 01.12.26 तक (प्रत्येक शुक्र, रवि, मंगल) को।
ठहराव : जलंधर कैंट, लुधियाना जंक्शन, अंबाला कैंट, पानीपत जंक्शन, दिल्ली जंक्शन, मुरादाबाद, लखनऊ जंक्शन, शाहगंज जंक्शन, फेफना जंक्शन, बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा, मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन एवं मधुबनी स्टेशन
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

04094/04093 दिल्ली जं.-संतरागाछी जं.-दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 02 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04094 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04093 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	00:30	दिल्ली जं.	00:25	----
07:40	---	संतरागाछी जं.	----	18:10

चलने के दिन : 04094 दिल्ली जं. से दिनांक 14.10.26 (बुधवार) एवं 04093 संतरागाछी जं. से दिनांक 15.10.26 (गुरुवार) को।
ठहराव : टूंडला जंक्शन, गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं० दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गुरारू, गया जंक्शन, कोडरमा, हज़ारीबाग रोड, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जंक्शन गोमाह, भोजूडीह जंक्शन, आद्रा, बांकुरा, बिष्णुपुर, मिदनापुर एवं खड़गपुर स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

04406/04405 शकूर बस्ती-मानसी जं.-शकूर बस्ती अनारक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 16 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04406 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04405 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	19:10	शकूर बस्ती	11:30	----
02:30	---	मानसी जं.	----	04:30

चलने के दिन : 04406 शकूर बस्ती से दिनांक 05.11.26, 06.11.26, 07.11.26, 10.11.26, 11.11.26, 12.11.26, 13.11.26 एवं 14.11.26 को एवं 04405 मानसी जं. से दिनांक 07.11.26, 08.11.26, 09.11.26, 12.11.26, 13.11.26, 14.11.26, 15.11.26 एवं 16.11.26 को।
ठहराव : नई दिल्ली, गाज़ियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जंक्शन, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, देवरिया सदर, सीवान जंक्शन, छपरा, सोनपुर, हाज़ीपुर जंक्शन, शाहपुर पटोरी, बरौनी जंक्शन, बेगूसराय एवं खगड़िया जंक्शन स्टेशन।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

04129/04130 मिर्ज़ापुर-उत्तरेटिया-मिर्ज़ापुर अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी — 27 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04129 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04130 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	16:05	मिर्ज़ापुर	08:30	----
21:03	21:05	रायबरेली जं.	02:03	02:05
23:10	---	उत्तरेटिया	----	01:00

चलने के दिन : 04129 मिर्ज़ापुर से दिनांक 26.10.26 तक एवं 04130 उत्तरेटिया से दिनांक 27.10.26 तक
ठहराव : विंध्याचल, मेजा रोड, नैनी जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग जंक्शन, कुंडा हरनामगंज, ऊंचाहार जंक्शन, रायबरेली जंक्शन एवं बछरावां स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

04485/04486 नई दिल्ली -श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04485 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04486 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	14:00	नई दिल्ली	23:30	----
20:30	20:35	जलंधर कैंट	16:15	16:17
03:00	---	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	----	10:00

चलने के दिन : 04485 नई दिल्ली से दिनांक 14.10.26, 18.10.26 एवं 20.10.26 को एवं 04486 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 15.10.26, 19.10.26 एवं 21.10.26 को।
ठहराव : सोनीपत, पानीपत जंक्शन, कुरुक्षेत्र जंक्शन, अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, शहीद कैप्टन सुनील कुमार चौधरी कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन
स्थान : प्रथम वाता., प्रथम वाता सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।

उपरोक्त रेलगाड़ी के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

04638/04637 अमृतसर जं.-छपरा-अमृतसर जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04638 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04637 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	19:40	अमृतसर जं.	00:20	----
20:45	---	छपरा	----	22:15

चलने के दिन : 04638 अमृतसर जं. से दिनांक 19.10.26 से 30.11.26 (प्रत्येक सोमवार) एवं 04637 छपरा से दिनांक 20.10.26 से 01.12.26 (प्रत्येक मंगलवार) को।
ठहराव : ब्यास जंक्शन, जलंधर सिटी जंक्शन, फगवाड़ा जंक्शन, ढंडारी कलां, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, सीवान जंक्शन एवं एकमा स्टेशन।
स्थान : शयनयान।

04640/04639 छेहरटा-मुज़फ़्फ़रपुर जं.-छेहरटा आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04640 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04639 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	08:35	छेहरटा	21:30	----
18:05	18:13	मुरादाबाद	11:00	11:10
13:10	---	मुज़फ़्फ़रपुर जं.	----	16:00

चलने के दिन : 04640 छेहरटा से दिनांक 19.10.26 से 30.11.26 तक (प्रत्येक सोमवार) एवं 04639 मुज़फ़्फ़रपुर जं. से दिनांक 20.10.26 से 01.12.26 तक (प्रत्येक मंगलवार) को।
ठहराव : अमृतसर जंक्शन, ब्यास जंक्शन, जलंधर सिटी जंक्शन, लुधियाना जंक्शन, सरहिंद, राजपुरा, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर जंक्शन, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया एवं सगौली जंक्शन स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।

09083/09084 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर जं.-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (विशेष किराये पर) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 09083 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 09084 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	04:30	बान्द्रा टर्मिनस	11:15	----
14:50	14:52	बाराबंकी जं.	03:00	03:02
19:30	----	गोरखपुर जं.	----	22:45

चलने के दिन : 09083 बान्द्रा टर्मिनस से दिनांक 18.10.26 एवं 25.10.26 को एवं 09084 गोरखपुर जं. से दिनांक 20.10.26 एवं 27.10.26 को।
ठहराव : बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, वडोदरा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन, ईदगाह आगरा जंक्शन, टूंडला जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन एवं बस्ती स्टेशन
स्थान : सामान्य।

04085/04086 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04085 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04086 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	14:00	नई दिल्ली	23:30	----
20:30	20:35	जलंधर कैंट	16:15	16:17
03:00	---	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	----	10:00

चलने के दिन : 04085 नई दिल्ली से दिनांक 15.10.26 एवं 17.10.26 को एवं 04086 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 16.10.26, एवं 18.10.26 को।
ठहराव : सोनीपत, पानीपत जंक्शन, कुरुक्षेत्र जंक्शन, अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, शहीद कैप्टन सुनील कुमार चौधरी कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।

03437/03438 मालदा टाउन-हरिद्वार-मालदा टाउन विशेष रेलगाड़ी — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 03437 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 03438 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	10:00	मालदा टाउन	23:55	----
01:00	01:10	वाराणसी	09:05	09:10
17:00	---	हरिद्वार	----	18:35

चलने के दिन : 03437 मालदा टाउन से दिनांक 17.10.26 से 28.11.26 तक (प्रत्येक शनिवार) एवं 03438 हरिद्वार से दिनांक 18.10.26 से 29.11.26 तक (प्रत्येक रविवार) को।
ठहराव : न्यू फरक्का, बरहरवा जंक्शन, साहिबगंज जंक्शन, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जंक्शन, अभयपुर, किउल जंक्शन, मोकामा, बख्तियारपुर जंक्शन, राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी, सुलतानपुर, उत्तरेटिया, आलम नगर, बरेली, मुरादाबाद और लक्सर स्टेशन
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

01207/01208 नागपुर जं.-समस्तीपुर जं.-नागपुर जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी — 08 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01207 ↓		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01208 ↑	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
----	10:40	नागपुर जं.	11:30	----
08:13	08:15	बाराबंकी जं.	15:08	15:10
23:45	----	समस्तीपुर जं.	----	03:00

चलने के दिन : 01207 नागपुर जं. से दिनांक 21.10.26 से 11.11.26 तक (प्रत्येक बुधवार) एवं 01208 समस्तीपुर जं. से दिनांक 23.10.26 से 13.11.26 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को।
ठहराव : बैतूल, इटारसी जंक्शन, भोपाल जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग जंक्शन, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, छपरा जंक्शन, सोनपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन और मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

YouTube, Facebook, X पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ